RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525
# पाठकपक्ष
वर्ष : 36 | अंक : 252
हिसार | रविवार, 10 दिसम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ ६

Read, Watch & Subscribe
दैनिक पाठकपक्ष
डिजिटल व प्रिन्ट
LIKE & SHARE
SUBSCRIBE
Facebook.com/PathakPaksh
Youtube/PathakPaksh
M : 98120-32700, 9255273410, 9896472584, 9991610417

# पीएम मोदी के नेतृत्व में युवाओं के लिए उत्पन्न हुई व्यापक संभावाएं

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 10 दिसम्बर :** नई सोच, नई जस्बे और नए कदमों के साथ भारत देश बीते एक दशक में आगे बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2014 में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने के बाद से ही भारत ने ऐतिहासिक विकास की नई बुलंदियों को छुआ है। भारत देश ने इस दशक भर में ऐसा विकाय किया है जो वसुदेव कुटुंबकम की राह को अपनाते हुए सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय को चरितार्थ कर रहा है। अगर बात ट्रेड और वैश्विक स्तर के इंफ्रास्टक्कर की हो या फिर चंद्रयान 3 के चंद्रमा के दक्षिणी छोर पर सफलता के साथ कदम रख कर दुनिया के साथ चांद पर अपनी छाप छोड़ने की। शिक्षा और रोजगार के माध्यम से युवाओं को सशक्त करने की हो या फिर पैरा एशियाई खेलों में शीतल द्वारा लगाए गए सटीक निशाने की।

ऐतिहासिक रूप से भारत मंडपम में आयोजित हुए जी20 शिखर सम्मेलन की, जहां पूरी दुनिया ने भारत का लोहा माना। अगर बात करें तेजी से आगे बढ़ते भारत के विकास और उसकी सोच को दर्शाती नमो भारत रेल की। प्रधानमंश्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा तिरंगा देश के हर कोने कोने में पहुंचते हुए शान से लहरा रहा है। दुनिया के हर कोने में भारत की



पहुंच लगातार मजबूती के साथ बढ़ती जा रही है। भारत की इस विकास की राह के पीछे एक शानदार सोच है जो पूरे देश को पथ प्रदर्शक बनते हुए आगे ले जा रही है। इसके साथ ही किसी साड़ी में डिजिटल तरीके से पूरा भारत रंगा हुआ है, इसके साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान भी जुड़ा है जिसकी जद में पूरा देश आ चुका है।

देशभर में विकास के नए आयाम से ही ये संभव हुआ है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और संभावनाओं को अवसर में बदलने की उनकी क्षमता के कारण भारत विकास की नई उंचाइयों को छूता जा रहा है। इसके साथ ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के लिए देश में उपलब्ध व्यापक संभावनाओं को देखते हुए उनके लिए अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में रोजगार की भरपूर नए अवसर पैदा किए हैं। देश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, नए मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम, मेरा युवा भारत पोर्टल, पीएम कौशल विकास योजना, पीएम विश्वकर्म योजना, जैसे कई योजनाओं और प्रयासों की बदौलत युवाओं को विकास के राह में शामिल होने का मौका दिया है।

विकास की इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक और अभियान चलाया जा रहा है जो की रोजगार मिला है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 1 वर्ष में 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियों में शामिल किया जाए। रोजगार मेला हर महीने आयोजित होता है जिसमें केंद्र सरकार सहयोगी राज्यों के विभिन्न कार्यालय में नियुक्त होने वाले युवाओं को सम्मानित कर उन्हें रोजगार सर्टिफिकेट प्रदान करती है। सिर्फ यही नहीं लाखों युवा अलग-अलग विभागों में कार्यरत होकर देश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने में सक्षम हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और उनके कुशल नेतृत्व का ही असर है कि देश भर में 51000 युवाओं को ग्रुप ए 51000 से अधिक युवाओं को भारत सरकार और राज्य सरकारों के अनेक मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया जा रहा है। इन युवाओं की बढ़ती नियुक्ति के साथ ही महिलाओं की नियुक्तियों इजाफा हुआ है। इन प्रशिक्षित युवाओं की बदौलत ही सरकारी तंत्र अब पूरी लगन से विकास की चौमुखी यात्राओं में जुट गया है। इन ऊर्जावान युवाओं से विकसित भारत की पहचान बन रही है।

# मायावती ने घोषित किया अपना उत्तराधिकारी, भतीजे आकाश आनंद को सौंपी जिम्मेदारी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 10 दिसम्बर :** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने रविवार 10 दिसंबर को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। लंबे अर्से से मायावती के उत्तराधिकारी कौन होगा इसे लेकर कई अटकलें चलाई जा रही थी। इसी बीच मायावती ने इस संबंध में फैसला सुना दिया है। मायावती ने अब अपने बाद पार्टी की जिम्मेदारी अपने भतीजे आकाश आनंद को सौंप दी है। लखनऊ में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने ये घोषणा की है।

जानकारी के मुताबिक बीएसपी प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। इसकी घोषणा उन्होंने लखनऊ में हुई बैठक में दी। बता दें कि लोकसभा चुनावों को लेकर मायावती ने बीएसपी नेताओं के साथ 10 दिसंबर को बैठक की थी। इस बैठक के बाद ही उन्होंने अपने उत्तराधिकारी की घोषणा की है।

इससे पहले पांच राज्यों में आयोजित हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भी आकाश आनंद को बड़ी जिम्मेदारी सौंप गई थी। राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ तक में आकाश आनंद ने पूरी कोशिश की कि बसपा को मजबूती के साथ पेश किया जाए। वहीं अब लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भी पार्टी ने तैयारी कर ली है, जिसके लिए कमान आकाश आनंद को सौंप गई है।

हालांकि मायावती के इस ऐलान के बाद हर कोई हैरान हो गया है क्योंकि पहले माना जा रहा था कि लोकसभा 2024 के चुनाव को मायावती के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। मायावती का उम्मीदवार घोषित होने के बाद अब यह भी संभावना जताई जा रही है कि पार्टी जल्द ही गठबंधन को लेकर भी फैसला ले सकती है।

# विदेश में छिपे कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा के शूटरों ने की थी सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या, चंडीगढ़ से तीन गिरफ्तार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 10 दिसम्बर :** जयपुर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो शूटर समेत उन्हें भगाने व अन्य सुविधाएं मुहैया कराने वाले एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। विदेश में छिपे राजस्थान के कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा ने अपने शूटरों के जरिये गोगामेड़ी की हत्या कराई।

**चीनू ने रोहित के साथ किया था गोगामेड़ी की हत्या का प्लान**

2017 में राजस्थान पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा मुठभेड़ में कुख्यात गैंगस्टर आनंद पाल सिंह की हत्या करने के कुछ समय बाद से आनंदपाल की बेटी चरणजीत सिंह उर्फ चीनू ने रोहित गोदारा के साथ मिलकर गोगामेड़ी की हत्या करने की साजिश रचनी शुरू कर दी थी, लेकिन पीएसओ रखने के कारण रोहित गोदारा साजिश में कामयाब नहीं हो पा रहा था।

कई साजिश नाकाम हो जाने पर अंत में गोदारा ने दोनों शूटरों के जरिये पहले गोगामेड़ी के खास करीबी नवीन शेखावत से दोस्ती की और उसके बाद उन्होंने नवीन शेखावत के जरिए गोगामेड़ी से उनके घर पर जाकर मुलाकात करने का नाटक कर उनकी गोली मारकर हत्या कर दी।

**राजस्थान का रहने वाला है रोहित राठौड़**

विशेष आयुक्त, क्राइम ब्रांच, रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक गिरफ्तार किए गए शूटरों के नाम रोहित राठौड़ व नितिन फौजी व उन्हें भगाने व अन्य सुविधाएं मुहैया कराने वाले शख्स का नाम उधम सिंह है। रोहित राठौड़, मकराना, राजस्थान का रहने वाला है। यह रोहित गोदारा का पुराना शूटर है। उसका जयपुर में एक 16 साल की युवती से अफेयर था।

**गोगामेड़ी से बदला लेना चाह रहा था रोहित राठौड़**

गोगामेड़ी को इस बात की जानकारी मिलने पर उन्होंने करीब चार साल पूर्व युवती से जयपुर पुलिस में शिकायत करवा दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करवा दिया था। जिससे उसे कई साल तक जेल में रहना पड़ा था।

जेल से बाहर निकलने के बाद रोहित राठौड़, गोगामेड़ी से बदला लेना चाह रहा था। नितिन फौजी महेंद्रगढ़ जिले का रहने वाला है। उधम सिंह, हिसार का रहने वाला है। करीब चार साल पहले उधम सिंह ने नितिन फौजी के साथ आर्मी की ट्रेनिंग साथ की थी। जिससे दोनों में दोस्ती हो गई थी।

O P JINDAL MODERN SCHOOL
Affiliated to CBSE (Affiliation Code:530256)
Email: info@opjms.edu.in | Ph : 9896800580 | Website : www.opjms.edu.in
REGISTRATION OPEN
(SESSION 2024-25)
NURSERY, LKG, UKG, I & II
FEW SEATS AVAILABLE IN CLASSES VI - IX
AGE CRITERIA AS ON MARCH 31, 2024
NUR - 3 Yrs, LKG - 4 Yrs, UKG - 5 Yrs, I - 5½ Yrs*, II - 6½ Yrs**
PROSPECTUS WILL BE AVAILABLE DECEMBER 11- 26, 2023
TIMINGS: 9:00 am - 01:00 pm. (Monday to Saturday)
* The child must complete 6 years by 30th September 2024
** The child must complete 7 years by 30th September 2024

# संसार में भगवान की माया के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है : संतोषी माता

## आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में भक्ति योग पर दिव्य आध्यात्मिक प्रवचनों का पंचम दिवस

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** स्थानीय मॉडल टाऊन स्थित श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में भक्ति योग पर चल रहे दिव्य आध्यात्मिक प्रवचनों के पंचम दिवस महामण्डलेश्वर संतोषी माता ने बताया कि जो मनन करने पर शक्ति प्रदान करे उसे मंत्र कहते हैं। मंत्र चैतन्य होते हैं, जड़ नहीं होते। वेदों में पूरे एक लाख मंत्र हैं, जिनको ऋषि-मुनियों ने प्रकट किया है। माता श्री ने कहा कि मंत्रों में अनंत शक्ति होती है और उनमें भगवान को भी प्रकट करने की शक्ति होती है।

महामण्डलेश्वर संतोषी माता ने कहा कि संसार में भगवान की माया के अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। मनुष्य को चाहिए कि सभी इच्छाओं व चिंताओं को छोड़कर भगवान की हर समय व हर पल श्रद्धा से उपासना करे। उन्होंने उपासना का अर्थ समझाते हुए बताया कि अपने आपको हर समय अपने ईष्ट देव के पास रखना ही उपासना है। भगवान कहते हैं कि चिंता करना मेरा काम है और चिंतन करना तुम्हारा काम है। गीता में भगवान कहते हैं कि कर्म करो और उसके फल की चिंता किए बिना मुझे सौंप दो।



माता श्री ने कहा कि जो भक्त राग-द्वेष से दूर रहता है, जिसके हृदय में करूणा है, द्वेष नहीं करता और किसी से भेदभाव नहीं करता, वही भक्त श्रेष्ठ है और भगवान को अतिप्रिय है।

व्यास पीठ को सुशोभित करने पर राकेश नारंग व श्रीमती संतोष नारंग ने अपनी सालगिरह के दिन माता श्री को तिलक करके व माल्यार्पण करके उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। मधुरानी बंसल, सुशील बुडाकिया व प्रेमलता गोयल ने भी माता श्री को माला अर्पित की। सेवानिवृत आयकर विभाग के कमिश्नर जीडी गोयल, राजेंद्र अग्रवाल, एडवोकेट कमल गुप्ता व सीए अजय गोयल को माता श्री ने पटका पहनाकर आशीर्वाद दिया।

पीठ संयोजक राजमल काजल व प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि 11 दिसंबर सोमवार को सुबह 10 बजे सुंदरकांड का पाठ होगा तथा माता श्री के प्रवचन होंगे। दोपहर 12 बजे भंडारा होगा।

सत्संग में राजमल काजल, अनिल महता व रमेश चुघ सहित सैंकड़ों श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

लेजर किरणों द्वारा चश्में व कॉन्टेक्ट लैंस से छूटकारा पायें
100 % ब्लेड रहित
विश्व की अत्याधुनिक अमेरिकन मशीन
iLASIK
Latest Model
चश्मा हटवायें
नई रोशनी पायें
Femtosecond Laser
IFS 150 HZ
American Technology
AVAILABLE FACILITIES :
PRK, LASIK, C-LASIK SBK and I-Lasik (FEMTO)
डॉ. एस.बी. जैन
एस.एस. ( नेत्र ) एफ.आई.सी.ओ. ( जापान )
लेसिक लेजर एवं फेको विशेषज्ञ
जैन आँखों का हस्पताल
डाबड़ा रोड़, हिसार मो. 97295-27774, 94680-15977

त्यौहारों का सीजन : हेयर ट्रांसप्लांट आकर्षक पैकेज में एवं ओपीडी डिस्काउंट 300/- की बजाय मात्र 200/-
एनसीआर व हिसार क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हेअर सोसायटी के मेम्बर
डॉ. विक्रम नटराज गोयल
MBBS, MS, M.Ch Plastic Surgery, Ahmedabad, Fellow U.S.A.
सौंदर्य
SKIN, BURNS, HAIR TRANSPLANT, LASER & PLASTIC SURGERY CENTRE
दिल्ली, चण्डीगढ़, जयपुर वाला ईलाज अब हिसार में उपलब्ध
BURNS, जले हुए मरीजों का आधुनिक ईलाज (आई.सी.यू.) सुविधा उपलब्ध
बालों का झड़ना, पतला होना, अनावश्यक गंजापन, हेयर ट्रांसप्लांट, कॉस्मैटिक एवं प्लास्टिक सर्जरी संबंधित परामर्श/इलाज उपलब्ध
बुकिंग : पहले आओ-पहले पाओ
अखबार की प्रति लायें-विशेष छूट पायें
शर्तें लागू
गोयल हस्पताल
मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा उपलब्ध
Dabra Chowk, Opp. Saraswati Provisional Store
Nirankari Bhawan Road, Hisar
Ph.: 01662-248105, 89012-10825, 09812130025

डा. प्रीति जैन
MBBS, MS
पूर्व सीनियर स्त्री रोग विशेषज्ञ
जिन्दल हस्पताल, हिसार
स्त्री रोग व अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन
सुविधाएँ :-
MYOMA, POLYP
बच्चेदानी में गांठ
बच्चेदानी में SEPTUM
बंद टयूब्स खोलना
बच्चेदानी में जाला
Hysteroscopic Operations
For Appointment Please Call :
HOSPITAL
9996902728
GYNAE
9813347766
GOBIND NURSING HOME
120, Het Ram Road,
Opposite Jat College Road, Hisar, 125001

# सातवीं आइस स्केटिंग स्टेट चैंपियनशिप में अर्शिया वतानिया बनी विजेता



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** सातवीं स्केटिंग स्टेट चैंपियनशिप एक से चार दिसंबर तक गुरुग्राम के एंबिएंस मॉल के आइस कोर्ट में आयोजित की गई। इस चार दिवसीय चैंपियनशिप में 14 जिलों से 300 से भी अधिक स्टेटस ने अपना कौशल दिखाया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न आयु वर्गों से स्केटर आए, जिसमें पैलेडियम की अर्शिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक व तान्या ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया। संगठन की ओर से सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर प्रधानाचार्या श्रीमती निशी भटनागर ने अचीवर्स को उनकी पूरी मेहनत के लिए किए गए प्रयास के लिए बधाई दी और उन्हें सफलता के शिखर को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।




**-पाठकपक्ष डेस्क-**

लगे ठिठुरने गात सब, निकले कम्बल शाल।
सिकुड़ रहे हैं ठंड से, हाल हुआ बेहाल।।

बाहर मत निकलो कहे, बहुत ठंड है आज।
कान पके सुनते हुए, दादी की आवाज़।।

जाड़ा आकर यूं खड़ा, ठोके सौरभ ताल।
आग पकड़ने से डरे, गीले पड़े पुआल।।

सौरभ सर्दी में हुआ, जैसे बर्फ जमाव।
गली मुहल्ले तापते, बैठे लोग अलाव।।

धूप लगे जब गुनगुनी, मिले तनिक आराम।
सर्दी में करते नहीं, हाथ पैर भी काम।।

निकलो घर से तुम यदि, रखना बच्चों ध्यान।
सुबह सांझ घर पर रहो, ढककर रखना कान।।

लापरवाही मत करो, ठंड हुई पुरजोर।
ओढ़ रजाई लेट लो, उठिये जब हो भोर।।



**-डॉ सत्यवान सौरभ**

**नव प्रकाशित बाल काव्य संग्रह सप्रज्ञान से साभार।**





**Name Change**

I, Kamlesh W/o Om Parkash D/o Vijay Singh R/o H. No. 1369, Sector 14, Hisar declare that I have changed my name from Kamlesh Rani to KAMLESH for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Hanuman Parsad S/o Kewal Chand R/o H. No. 562, Sector 14, Hisar declare that I have changed my name from Hanuman Parsad Kansal to HANUMAN PARSAD for all future purpose.

- Deponent

**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573


# आनंद का खजाना तो हमारे अंदर है, बाहर क्या तलाशना

**अध्यात्म**

दुनिया के बारे में मनुष्य का दृष्टिकोण ही उसके मन की सुख-दुख की स्थिति को निर्धारित करता है। वर्षा ऋतु के समय एक गुरु और शिष्य लंबी तीर्थ यात्रा पूरी करके अपनी कुटिया की ओर लौट रहे थे। दोनों थके-हारे कुटिया के निकट पहुंचे तो देखा कि कुटिया तो आंधी-तूफान में लगभग उजड़ी पड़ी है। कुटिया की ऐसी दुर्दशा देखकर शिष्य धैर्य खो बैठा और वह गुस्से में बोला, 'गुरुदेव! इन्हीं बातों से मुझे भगवान की आस्था पर संशय होता है। जो दुर्जन हैं उनके तो महल भी सुरक्षित हैं। हम दिन-रात प्रभु में लीन रहते हुए सदा उनके गुण गाते हैं, फिर भी वे हमारी झोपड़ी तक सुरक्षित नहीं रख सकते।' परमात्मा के प्रति शिष्य की ऐसी बातें सुन गुरु ने मुस्कराते हुए सहज भाव से कहा, 'वत्स! मैं तो उस दयालु परमेश्वर का आभारी हूं। उसने हमारी रक्षा की है। सोचो यदि उस समय हम कुटिया में गहरी निंदा में सो रहे होते तो हमें चोट लग सकती थी। उसकी करुणा का मैं बहुत ऋणी हूं। आंधी-तूफान का क्या भरोसा, वह तो पूरी कुटिया ही उड़ा कर ले जा सकता था और हमें भी नुकसान हो सकता था। परमात्मा की असीम कृपा है कि उसने अपने भक्तों पर इतनी कृपा की और झोपड़ी को इस स्थिति में रखा कि थोड़ी सी मेहनत से उसका फिर से निर्माण किया जा सकता है। भक्त वत्सल भगवान सदा भक्तों का ख्याल रखते हैं।' तब शिष्य ने कहा, 'लेकिन गुरुवर, अधर्मियों के महलों को तो ईश्वर ने कोई भी नुकसान नहीं पहुंचाया। उनके महल अब भी बड़ी शान से खड़े हुए हैं।' गुरु ने समझाया, 'वत्स, तू बड़ा भोला है। इस तरह अगर सारी दुनिया से अपनी तुलना करने लगे तो तुम्हें कभी खुशी और प्रसन्नता नसीब नहीं होगी। क्योंकि दूसरों से की गई तुलना दिल का सुकून और चैन छीन लेती है। ध्यान रहे, मनुष्य कुटिया या महल से प्रसन्न नहीं रहता बल्कि ईश्वर ने जो दिया है उसमें संतुष्टि का अनुभव करते हुए सदा ईश्वर चिंतन में रहने से ही खुश रह सकता है क्योंकि खुशी और आनंद का खजाना हमारे अंदर मौजूद है।' भौतिक सामग्री में खुशी नहीं है, यह तो जीवन जीने का साधन है जबकि प्रसन्नता यदि हम चाहते हैं तो आंतरिक संतुष्टि का धन प्राप्त करना चाहिए। निराशा के साए में हम जीते हैं, अज्ञानता के अंधकार में डूबे रहते हैं। इसके स्थान पर आशा का दीया सदैव प्रज्ज्वलित रखना चाहिए और ज्ञान के प्रकाश में रहने की आदत डालनी चाहिए। दूसरों से तुलना करने से हम और अधिक दुखी हो सकते हैं। दुखी होने के बजाय आनंद से जीना सीख लें। यह सुखी जीवन का आधार है। हममें से ज्यादातर लोग पड़ोसी से तुलना करते हैं कि उसके पास तो इतनी सारी भौतिक सुख-सुविधाएं हैं, मेरे पास नहीं है और दुखी होते हैं। यह बहुत बड़ी अज्ञानता है। हमें अपनी समझ को बदलना होगा तभी हम जीवन में सुखी हो पाएंगे। ईश्वर की कृपा को समझें, ईश्वर ने इस संसार को अनमोल उपहार दिए हैं, उसमें उसने कोई भेद-भाव नहीं किया है, वह सभी को अपना प्यार बराबर दे रहा है और उसके प्यार के कारण हम सभी जीवित हैं। हमारे जीवन का अस्तित्व ही एक बहुत बड़ा चमत्कार है। इसको समझ लिया तो हम खुशी और आनंद से झूम उठेंगे।

# मिलकर बिछड़ने से ही प्रेम भाव बढ़ता है : संत गोपीराम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** श्री श्याम गौशाला मिंगनी खेडा में आयोजित श्री मद्भावगत कथा के सातवें दिन श्री वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास संत श्री गोपी राम ने भागवत कथा के दौरान कृष्ण प्रेम का वर्णन करते हुए कहा कि मैं जो एक बार मिलकर बिछुड़ जाता हूँ, उसका उद्देश्य अपने प्रति प्रेमी यानि भक्त का प्रेम बढ़ाना ही होता है। मैं एक बार सामने आकर आंखों से ओझल इसीलिए होता हूँ कि देखने वाले के दिल में जाहिर हो जाऊ, प्रकट हो जाऊँ। भगवान कहते हैं कि मैं इसलिए प्रेम नहीं करता कि मेरा प्रेम केवल बाहर ही बाहर न रहे, बल्कि उनके हृदय में, रोम-रोममें व्याप्त हो जाये। अपनी इस बातको स्पष्ट करने के लिए श्रीकृष्ण ने गोपियों को समझाया कि मान लो किसी निर्धन व्यक्ति को सहसा बहुत-सारा धन मिल गया और वह उसको पाकर बहुत खुश हुआ। उस धन में उसकी आसक्ति हो गयी और उससे उसका प्रेम हो गया। लेकिन उसके बाद उसका धन हो गया। अब उसकी क्या स्थिति होगी। वह पहले जैसे बिना धन के रहता था, वैसे उससे नहीं रहा जायेगा। वह उस धन के लिए रोयेगा, व्याकुल होगा। न पारपेऽहं निरवद्यसंपुनों स्वसाबुकृत्यं विबुधायुषापि वः। या माभजन् बुर्जरगेहश्शुखलाः संवृश्च्य तद् वः प्रतियातु साधुना ।। भगवान कहते हैं कि प्यारी गोपियों, तुमने मेरे लिए लोक छोड़ा, परलोक छोड़ा, अपना स्वार्थ छोड़ा, सब कुछ छोड़ा और मुझसे प्रेम किया। अब तुम्हारा प्रेम कच्चा नहीं रहना चाहिए, पक्का हो जाना चाहिए। इसीलिए मैंने तुमको वियोग दिया, क्योंकि बिना वियोग के संयोग की पुष्टि नहीं होती। न बिना विप्रलम्भेन सम्भोगो पुष्टिमश्नुते। अपने आप को गोपियों का ऋणी बताते हुए भगवान कहते हैं कि हे गोपियो! यदि मैं ब्रह्मा को तथा अपनी ईश्वरीय आयु से अनन्त काल तक भी तुम लोगों के ऋण को उतारने का प्रयास करूँ तो कभी तुम्हारे प्रेम से उऋण नहीं हो सकता। कथा में मुख्य रूप से डॉ. ऋषि राणा, डॉ. चारू राणा, डॉ. राज पराशर, डॉ. ललिता राजवंशी, डॉ. अनीता गोस्वामी, डॉ. मीनाक्षी बंसल, मंजू गर्ग, शोभा जिन्दल, आशा गुप्ता, मंजू गर्ग, मीना अग्रवाल, कान्ता गोयल, दर्शना बंसल, भाई अनिल महाजन, रामकुमार आर्य, बृजमोहन डालमिया, प्रधान सज्जन गर्ग, कुणाल सेठी, किरोड़ी मल गोयल, योगेश, मधुसूदन, वलेरिया सेठी तथा मिंगनी खेड़ा, किरतान व मात्रश्याम सहित आसपास के गांवों से अनेक महिलाओं व पुरुषों की उपस्थिति रही।

# 12 दिसंबर की ललकार रैली होगी ऐतिहासिक : महासंघ

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** कर्मचारियों की मांगों को लेकर 12 दिसंबर को करनाल में होने वाली ललकार रैली ऐतिहासिक होगी। रैली को लेकर कर्मचारियों में भारी जोश व उत्साह है। यह बात आज हरियाणा कर्मचारी महासंघ के जिला प्रधान अमृत शर्मा, जिला सचिव देशराज वर्मा, आबकारी एवं कराधान विभाग यूनियन के मुख्य संगठनकर्ता कुलदीप शर्मा, एचएसईबी वर्कर यूनियन के राज्य सहसचिव प्रदीप लोरा, मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सुरेश डाबला, वरिष्ठ उपप्रधान सतबीर सुरलिया व जिला सचिव सुशील कुमार खुंडिया और रोडवेज कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान राजबीर दूहन ने एक संयुक्त बयान जारी कर कही। बयान में बताया कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने की बजाय हठधर्मितापूर्ण रवैया अपनाए हुए है, जिसको लकर कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि हरियाणा कर्मचारी महासंघ लगातार कर्मचारियों की मांगों को उठा रहा है। इसके तहत जिला स्तर व मंडल स्तर पर रोष प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जा चुका है। इसके अलावा सभी मंत्रियों को भी कर्मचारियों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जा चुका है, इसके बावजूद अभी तक सरकार ने कर्मचारियों की मांगों के समाधान की दिशा में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया है।

जिला प्रधान अमृत शर्मा ने कहा कि सरकार की हठधर्मिता को देखते हुए हरियाणा कर्मचारी महासंघ ने 12 दिसंबर को करनाल में ललकार रैली करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि ललकार रैली को लेकर जिला स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रैली में हिसार जिला से हजारों कर्मचारी भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि रैली के माध्यम से सरकार से पुरानी पेंशन नीति बहाल करने, कौशल रोजगार निगम को भंग करने, सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समान काम-समान वेतन के फैसले को लागू करने, कैशलेस मेडिकल स्कीम को पूर्ण रूप से लागू करने, विभागों के निजीकरण पर रोक लगाने, सभी विभागों में रिक्त पदों को स्थाई भर्ती से भरने, पुरानी एक्सग्रेसिया पॉलिसी को लागू करने, सभी विभागों में जोखिम भत्ता लागू करने, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करने सहित अनेक मांगों को लेकर आवाज उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी भारी पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अगले वर्ष चुनाव हैं और उससे पहले लोकसभा चुनाव हैं। यदि सरकार द्वारा समय रहते कर्मचारियों की मांगों को लागू नहीं किया तो आगामी चुनावों में कर्मचारी वर्ग सरकार का विरोध करने से पीछे नहीं हटेगा। इसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। इसलिए सरकार को समय रहते कर्मचारियों की मांगों का जल्द से जल्द समाधान करना चाहिए।

# सुण मौल्लड़ की



हड़तालों का मौसम शुरू हो गया है।

लैक्शन का दौर। सरकार नर्म, कर्मचारी गर्म।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** प्यार के मामले में सफलता मिलेगी। विभिन्न स्त्रोतों से धन लाभ होगा। सांझेदारी में नया कार्य शुरू कर सकते हैं।

**वृषभ :** मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे। व्यर्थ के विवादों से दूर रहें। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**मिथुन :** बौद्धिक कार्य से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ रहेगा। राह में आ रही मुश्किलें सूझ-बूझ से हल करेंगे। सकारात्मक सोच लक्ष्य प्राप्ति में सहायक रहेगी।

**कर्क :** महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। मन में अंजाना भय बना रहेगा। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**सिंह :** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। छोटे भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कन्या :** नई जिम्मेदारी आने से व्यस्तता बढ़ेगी। कला के क्षेत्र में रूचि बढ़ेगी। वाणी व व्यवहार में संयम बनाए रखें।

**तुला :** आत्मविश्लेषण कर समस्याएं दूर करेंगे। नए कार्यों के अवसर प्राप्त होंगे। अनुभवी लोगों का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक :** व्यय की अधिकता से परेशानी बढ़ेगी। मन में अनहोनी का भय बना रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। लक्ष्मी माता की पूजा करें।

**धनु :** आकस्मिक धन लाभ होगा। परिवार के साथ खुशी भरे पल व्यतीत करेंगे। लम्बे समय से अटके काम पूरे होंगे।

**मकर :** राज्यपक्ष से लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सम्मान व वर्चस्व बढ़ेगा। पिता के साथ आत्मीयता बढ़ेगी व संबंध मधुर बनेंगे।

**कुंभ :** नए कार्यों की शुरूआत लाभकारी रहेगी। यात्रा सुखद रहेगी। लोगों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन :** उधार के लेन-देन से बचें। असामाजिक तत्वों से दूरी बनाए रखें। शरीर में थकावट का अनुभव होगा। दुर्गा माता की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

**कर्म का मर्म**

# गुरु के सामने कैसे बैठूं

तब एक विदेशी युवा वैज्ञानिक ने शरीर विज्ञान के माध्यम से आंतरिक रंगों का गहन अध्ययन किया था। अध्ययन के बाद उसने कुछ नए तथ्य खोज निकाले थे। महान वैज्ञानिक डॉक्टर सी. वी. रमन को इसका पता चला तो उनमें इसके प्रति उत्सुकता पैदा हुई। वह उस वैज्ञानिक की प्रयोगशाला में जा पहुंचे। तब तक रमन को नोबेल पुरस्कार भी मिल चुका था। जब युवा वैज्ञानिक ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति के वैज्ञानिक को अपनी प्रयोगशाला में देखा तो चौंक उठा। उसने रमन का स्वागत करते हुए संकोच के साथ उन्हें बैठने को कहा। लेकिन रमन बैठे नहीं। उन्हें खड़ा देखकर युवा वैज्ञानिक बोला, 'सर आप यहां तक आए हैं, यह मेरा सौभाग्य है। मैं तो सपने में भी नहीं सोच सकता कि आप जैसे महान वैज्ञानिक कभी मेरी प्रयोगशाला में आ सकते हैं। कृपया बैठिए।' रमन बोले मेरी विवशता है कि मैं आपके सामने बैठ नहीं सकता। युवा वैज्ञानिक ने आश्चर्य से कहा, 'सर, भला आपके साथ ऐसी क्या विवशता है, जो आप मेरे सामने बैठ नहीं सकते/ आप तो हर तरह से मुझसे बड़े और सम्माननीय हैं।' रमन मुस्कुरा कर बोले, 'आपने रंगों के कुछ नए प्रयोग किए हैं और इसी संबंध में मैं आपसे कुछ ज्ञान प्राप्त करने आया हूं। इसलिए मैं आपका शिष्य हूं और आप मेरे गुरु। भला मैं मेरे गुरु के सामने कैसे बैठ सकता हूं/ क्या आप मुझे रंगों के विषय में कुछ ज्ञान देंगे/' युवा वैज्ञानिक रोमांच और प्रसन्नता से बोले, 'हां सर, अवश्य बताइए मैं कब आपके पास हाजिर हो जाऊं/' डॉ. रमन बोले, 'ज्ञान मुझे प्राप्त करना है। गुरु-शिष्य के पास कभी नहीं जाता। शिष्य को ही गुरु के पास जाना चाहिए। आप अपनी सुविधा के अनुसार समय बता दीजिए।' युवा वैज्ञानिक के जीवन का यह स्वर्णिम क्षण था। उसने डॉ. रमन को समय दिया और उनकी विनम्रता और शालीनता का कायल हो गया।









# अंतोदय उत्थान की दिशा में परिवार पहचान पत्र बना सशक्त माध्यम : डिप्टी स्पीकर

## गांव बहबलपुर के 600 नागरिकों को पेंशन व 952 पात्र परिवारों के बनाए जा चुके हैं बीपीएल राशन कार्ड









**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** खंड बरवाला के गांव बहबलपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई सोच के साथ 2047 तक एक नए भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। प्रदेश सरकार ने इस यात्रा को जनसंवाद के साथ जोड़कर लोगों को बड़ी सौगात दी है। इसके चलते लोगों की शिकायतों और समस्याओं को भी सुना जा रहा है और मौके पर ही उसके समाधान के कदम भी उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार व्यक्तियों तक पहुंचाने का काम किया है। डिप्टी स्पीकर ने बताया कि जरूरतमंद नागरिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए परिवार पहचान पत्र एक सशक्त माध्यम बन गया है। नागरिकों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब अब धरातल पर पर दिखाई देने लगा है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से 60 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र व्यक्ति की घर बैठे ही पेंशन बनाई जा रही है। डिप्टी स्पीकर ने बताया कि गांव बहबलपुर के कुल 600 नागरिकों को पेंशन प्रदान की जा रही है, जिसमें 361 वृद्धजनों, 26 दिव्यांगों, 165 विधवाओं, 4 लाभार्थियों को लाड़ली पेंशन तथा 44 निराश्रित व स्कूल न जाने वाले दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली पेंशन शामिल है। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से गांव बहबलपुर के 952 पात्र परिवारों के बीपीएल राशन कार्ड भी बनाए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा बिना पर्ची-खर्ची के युवाओं को नौकरियां भी प्रदान की जा रही है। इसके पश्चात उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की संकल्प भी दिलाई तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन भी किया।

**संकल्प यात्रा में एलईडी पर किया गया सरकार की योजनाओं का प्रचार**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रचार वाहन पर एलईडी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार किया गया। कार्यक्रमों में सरकार द्वारा क्रियान्वित की गई योजनाओं व सेवाओं को एक लघु फिल्म के रूप में दिखाया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सूचना, जन संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के लोक कलाकारों ने भी सरकार की योजनाओं पर बनाए गए गीतों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया।

**कार्यक्रमों मे ये भी रहे उपस्थित**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में पूर्व विधायक वेद नारंग, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, बरवाला की एसडीएम विजया मलिक, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी, डीएफएससी अमित कुमार, एसडीओ पंचायत राजेंद्र मुवाल, एसईपीओ ओम प्रकाश, सीमा गैबीपुर, देवेंद्र शर्मा, दलीप फौजी, सरपंच रमेश, आशा खेदड़ सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## श्रम मंत्री अनूप धानक ने अपने उकलाना आवास पर सुनी जन समस्याएं



**पाठकपक्ष न्यूज**

**उकलाना, 10 दिसम्बर :** श्रम मंत्री अनूप धानक ने शनिवार को अपने उकलाना आवास पर विभिन्न गांवों से आए लोगों से मुलाकात की तथा जन समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याएं सुनने उपरांत संबंधित विभागों के अधिकारियों को उन समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। श्रम मंत्री अनूप धानक ने कहा कि किसानों, मजदूरों सहित सभी वर्गो के हितों को ध्यान में रखकर प्रदेश सरकार द्वारा नई-नई योजनाएं बनाकर लागू की गई हैं, ताकि प्रदेश और समाज का ज्यादा से ज्यादा विकास हो। उन्होंने कहा कि युवाओं का ध्यान शिक्षा पर ज्यादा हो इसके लिए सरकार द्वारा गांवों में लाइब्रेरी बनाई जा रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को शहर में ना आना पड़े। युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा ठेकेदारी प्रथा को बंद करते हुए हरियाणा कौशल रोजगार निगम शुरू किया गया है। जिस पर रोजगार पाने के लिए युवा आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर घर तक स्वच्छ पीने का पानी पहुंचाने के प्रति प्रदेश सरकार कृत संकल्प है और गांवों में पीने के पानी की नई लाइनें बिछाई जा रही है तथा नए जल घर बनाया जा रहे हैं। एक गांव से दूसरे गांव को जोड़ने के लिए कच्चे रास्तों को पक्का करवाया जा रहा है। इस मौके पर जेजेपी हलकाध्यक्ष अनिल बालकिया, नरेश पूनिया, संदीप खैरी, धूपसिंह थाकन, जगदीप कुंडू, अजित सिवानी, सतीश पूनिया, भूरिया, बानी सरपंच, राजाराम, होशियारा सरपंच, कुलदीप कोहाड़, सुभाष, रामकिशन आदि मौजूद रहे।

## उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला जिलावासियों को देंगे 121 करोड रुपए की सड़क परियोजनाओं की सौगात



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सोमवार को हिसार जिलावासियों को लगभग 121 करोड रुपए की सड़क परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें से कई ऐसी सड़के हैं, जिनके बनने से अन्य जिलों में आने-जाने वाले वाहन चालकों को काफी सुविधा होगी। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उप-मुख्यमंत्री जिन सड़कों का शिलान्यास करेंगे, उनमें साढ़े 36 करोड रुपए की लागत से बनने वाली हिसार-तोशाम सड़क, साढ़े 19 करोड रुपए की लागत से जींद-बरवाला रोड से राखीगढ़ी म्यूजियम तक की सड़क, 22 करोड रुपए की लागत से हांसी-सिसाय-लोहारी राघो-हैदरपुर तथा खेड़ी जालब सड़क मार्ग, 7 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से मिर्जापुर से हांसी-बरवाला रोड तक बनने वाली सड़क तथा 14 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत से बनने वाला हिसार-मंगाली-स्याहड़वा रोड़ शामिल है। इसी प्रकार से उपमुख्यमंत्री द्वारा जिन सड़कों का उद्घाटन किया जाएगा, उनमें 3 करोड़ 60 लाख रुपए से बनी साहू से खैरी तक की सड़क, 4 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से बनी पाबड़ा से किनाला सड़क, 3 करोड़ 60 लाख रुपए से उकलाना-भुना रोड से मदनपुरा-गाज्जू वाला रोड तक बनी सड़क शामिल है। गौरतलब है कि उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला इससे पहले भी हिसार जिले को सैकड़ो करोड रुपए की सड़क परियोजनाओ, आरोबी तथा आरयूबी की सौगात दे चुके हैं। 50 करोड रुपए की लागत से हिसार से हिंदवान मोड तक बनने वाले सड़क मार्ग का टेंडर हो चुका है। इसके अलावा जल्द ही हिसार से रेवाड़ी वाया तोशाम, बाढ़डा, सतनाली सड़क मार्ग को फोरलेन बनाया जाएगा।

## स्कीम वर्कर्स का अखिल भारतीय प्रदर्शन 11 को जंतर मंतर पर : बांगड़

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** केंद्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी से संबंधित स्कीम वर्कर्स फैडरेशन ऑफ इंडिया, आशा कार्यकर्ता यूनियन, मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन, आंगनवाडी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन अपनी मांगों को लेकर 11 दिसंबर को दोपहर 12 बजे दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना देते हुए विरोध प्रदर्शन करेगी। एआईयूटीयूसी के प्रदेश उपाध्यक्ष मेहर सिंह बांगड़, आशा कार्यकर्ता यूनियन की जिलाध्यक्ष सत्यबाला व मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन की जिला प्रधान पार्वती ने बताया कि इस प्रदर्शन के माध्यम से स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारियों का दर्जा देने, स्कीम वर्कर्स का न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपए लागू करने, स्कीम वर्कर्स को छुट्टी व पेंशन सहित सभी सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने, स्कीम वर्कर्स की सेवानिवृति पर कम से पांच लाख रूपए देने, मिड डे मील को गर्मी व सर्दी की छुट्टियों का पैसा ना काटकर पूरे 12 महीने का वेतन लागू करने, आकस्मिक निधन पर कार्यकर्ता के परिवार को दस लाख रूपए मुआवजा देने, सभी राज्यों में स्कीम वर्कर्स को समान अधिकार प्रदान करने, वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री की घोषणा अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को 15 सौ रूपए व हैल्पर को 750 रूपए देने, हड़ताल के दौरान का सहमति अनुसार वेतन देने, स्कूल समायोजन के नाम पर किसी भी मिड डे मील कुक को न हटाने व 15 बच्चों पर एक मिड डे मील कुक की नियुक्ति करने, आशा कार्यकर्ताओं की सहमत मांगों को जल्द से जल्द लागू करने जैसी मांगों को जोर शोर से उठाया जाएगा।

## प्रधानमंत्री के अभियान विकासशील भारत @2047 को लेकर लुवास में उत्साह

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरगामी दृष्टिकोण के तहत विकसित भारत @2047 अभियान मनाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य भारत कि आज़ादी के 100वें वर्ष तक, भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है तथा आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलु भी इसमें शामिल है। हमारे देश की वास्तविक क्षमता और भारत के उज्वल भाग्य में विश्वास को महसूस करने के लिए भारतीयों, विशेषकर युवाओं की प्रतिभा और क्षमताओं को मजबूत संकल्प के साथ जोड़ने की आवश्यकता है। हमारे देश के विकास में युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका है क्योंकि वे 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने में अत्यंत महतवपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। आज के युवाओं के पास नवीन विचार हैं, जो राष्ट्र निर्माण में एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए यह जरुरी है कि प्रत्येक युवा विशेष रूप से विश्वविद्यालय व कॉलेजों के छात्र और छात्राए इस महत्वपूर्ण राष्ट्र निर्माण अभियान में भाग ले । इस प्रयोजन के साथ, लुवास विश्वविद्यालय 11 दिसंबर 2023 को 'विकसित भारत@2047 : युवाओं की आवाज' कार्यक्रम मनाएगा। इस अवसर पर भारत के माननीय प्रधान मंत्री विकसित भारत @2047 विचार पोर्टल लॉन्च करेंगे और वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से युवा विधार्थियों को विशेष संबोधन देंगे। कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के शिक्षक व् गैर शिक्षक कर्मचारियों तथा युवा छात्रों की भागीदारी के लिए प्रशासन द्वारा प्रत्येक कक्षा/सेमिनार कक्ष में लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। कुलपति ने इस पूरे आयोजन को बढ़ावा देने, व्यवस्थित प्रबंध, जानकारी प्रसारित करने और छात्रों को संगठित करने के लिए पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के डीन डॉ. गुलशन नारंग की अध्यक्षता में एक समर्पित टीम का गठन किया है। विश्वविद्यालय ने 11 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी संकाय और छात्रों के साथ वेबलिंक भी साझा किया है।

# जेसीडी विद्यापीठ में वार्षिक दीक्षांत समारोह-2023 में 400 से अधिक विद्यार्थियों ने हासिल की उपाधि

## जीवन में सीखने और पढ़ने की इच्छा हमेशा मन में चाहिए रखनी : डॉक्टर डीडीएस संधू

## किसी भी संस्थान के लिए उसके छात्र होते है उसके ब्रांड एंबेसडर : प्रोफेसर ढींडसा













**पाठकपक्ष न्यूज**

**सिरसा, 10 दिसम्बर :** जेसीडी विद्यापीठ में स्थापित जेसीडी मेमोरियल फार्मेसी कॉलेज जेसीडी मेमोरियल इंजीनियरिंग कॉलेज एवं जेसीडी इंस्टिट्यूट ऑफ़ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वाधान में स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल डॉक्टर डीडीएस संधू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की अध्यक्षता श्रीमती कांता चौटाला एवं जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक एवं अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक डॉ कुलदीप सिंह ढींडसा द्वारा की गई।

इस अवसर पर पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंसेज रोहतक के फार्मेसी डिपाटमेंट के डीन डॉक्टर गजेंद्र सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह के संयोजक डॉ अनुपम सेतिया, डॉ हरलीन कौर और डॉ दिनेश कुमार ने जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में तीनों संस्थानों के 2018 से 2023 वर्ष तक के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री प्रदानकरने के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में तीनों संस्थानों के 400 से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और डिग्री प्राप्त की इस अवसर पर तीनों संस्थानों के टॉपर छात्रों को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में सभी संस्थाओं के स्टाफ सदस्यों ने जेसीडी विद्यापीठ के कुलसचिव डॉ सुधांशु गुप्ता की अगुवाई में प्रोसेशन के रूप में मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉक्टर कुलदीप सिंह ढींडसा एवं सभी स्थानों के प्राचार्य गण की अगुवाई में प्रोसेशन के साथ डॉक्टर अब्दुल कलाम सभागार में प्रवेश किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं अन्य द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। वहीं इस मौके पर जेसीडी विद्यापीठ की वार्षिक रिपोर्ट का भी सभी अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं संस्थान की उपलब्धियों का व्याख्यान किया गया है।

बतौर मुख्यातिथि अपने संबोधन में प्रो. के के अग्रवाल ने सर्वप्रथम जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक, प्रबंधन समिति एवं दीक्षांत समारोह के आयोजकों को इस कार्यक्रम की हार्दिक बधाई देते हुए उपाधि प्राप्त करने वाले अभियार्थियों को भी उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बधाई प्रेषित की। उन्होंने अपने संबोधन में जेसीडी विद्यापीठ में व्याप्त अनुशासनात्मक माहौल, हरा-भरा कैंपस एवं बेहतर शिक्षण एवं संस्कारों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल डॉक्टर डीडीएस संधू ने कहा कि दीक्षांत समारोह हमेशा एक विशेष अवसर होता है जिसमें हम शुरुआती वर्षों में की गई कड़ी मेहनत को लक्ष्य प्राप्ति और सफलता से जोड़कर देखते हैं। यह एक ऐसी यात्रा है जो शायद अस्थायी कदमों से शुरू होती है और हमें अधिक ऊंचाइयों तक ले जाती है। इस यात्रा में, हम कई असाधारण क्षणों का अनुभव करते हैं और ऐसी यादें बनाते हैं जिन्हें आने वाले वर्षों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जीवन में कुछ हासिल करने के लिए सीखने और पढ़ने की इच्छा हमेशा मन में रखनी चाहिए। क्योंकि ज्ञान का कोई अंत नहीं है। आप एक अच्छे इंसान बनें। एक अच्छा इंसान गतिविधि के हर क्षेत्र में अच्छा होता है। आप अपने आप में अलग और पूर्ण हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने कीमती हैं। समाज हमेशा आपके ज्ञान और आत्मविश्वास के स्तर को महत्व देता है।

डॉक्टर ढींडसा ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह सभी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है - यह परिवर्तन का एक ठोस संकेतक है। मैं सभी युवा दिमागों से इस बदलाव को अपनाने का आग्रह करता हूं क्योंकि एक बार जब आप अपने जीवन के इस नए चरण में प्रवेश करेंगे तो उनका जीवन बदल जाएगा। मुझे यकीन है कि आप सभी इस संस्थान के ज्ञान, मूल्यों और समृद्ध विरासत को अपनाना जारी रखेंगे। इस संस्थान ने आपको प्रतिस्पर्धी दुनिया में अपने सपनों को साकार करने की क्षमता से सुसज्जित किया है। मुझे विश्वास है कि आप जेसीडी विद्यापीठ की उत्कृष्टता की लंबी परंपरा को आगे बढ़ाएंगे और इस संस्थान की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। प्रिय स्नातकों, आपने शैक्षिक जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष जेसीडी विद्यापीठ में बिताए हैं और आज, आप सुखद यादें लेकर जा रहे हैं।

डॉक्टर ढींडसा ने कहा कि किसी भी संस्थान के लिए उसके छात्र उसके ब्रांड एंबेसडर होते हैं। क्योंकि जब यही छात्र सफल होकर बड़े उद्योगों या बड़े प्रशासनिक पदों पर सेवा देते हैं तो कहीं न कहीं उनकी सफलता से आपके मूल संस्थान को भी याद किया जाता है।

दीक्षांत समारोह संस्थान के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों की निरंतर कड़ी मेहनत का परिणाम है।

डॉक्टर ढींडसा ने कि शिक्षा आपको उड़ने के लिए पंख देती है। उपलब्धि हमारे अवचेतन मन की अग्नि से निकलती है कि 'मैं जीतूंगा'। तो, यहां और अन्य जगहों पर इकट्ठे हुए आप में से प्रत्येक के पास 'विंग्स ऑफ फायर' होंगे। आग के पंख वास्तव में ज्ञान की ओर ले जाएंगे, जो आपको एक डॉक्टर, या एक इंजीनियर, या एक वैज्ञानिक, या एक शिक्षक, या जो कुछ भी आप बनना चाहते हैं, के रूप में उड़ान भरने में सक्षम बनाएगा। एक बार जब आप उड़ने के लिए इन पंखों को विकसित कर लेंगे तो आपको पता चल जाएगा कि आप अपने विज्ञान और तकनीकी नवाचारों का उपयोग करके सतत और जज समावेशी विकास में कैसे योगदान दे सकते हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना : डॉ कमल गुप्ता

## यात्रा के माध्यम से है घरद्वार पर ही दिया जा रहा सेवाओं व योजनाओं का लाभ, वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी आमजन से किया संवाद




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यदि कोई पात्र व्यक्ति पहले किसी कारणवश सरकार की योजनाओं से वंचित रह गया है, तो वह अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य ही प्रत्येक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।

यह बात उन्होंने शनिवार को गांव ढाणी रायपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत करने उपरांत आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वर्चुअल माध्यम से लोगों से संवाद किया और उन्हें भारत सरकार के विजन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। तत्पश्चात अपने सम्बोधन में डॉ कमल गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों की सैकड़ों योजनाएं ऑनलाइन माध्यम से प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा निरोगी हरियाणा के तहत मुफ्त टेस्ट सुविधा, विवाह शगुन योजना के तहत पात्र परिवारों की बेटियों की शादी पर कन्यादान जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं के बारे में जागरूक करें और जरूरतमंद लोगों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें, ताकि जनता को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

**इन गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया जोरदार स्वागत**

खंड बरवाला के गांव धिंगताना, खंड नारनौंद के गांव गैबी नगर व नाडा तथा खंड हिसार प्रथम के गांव नियाणा में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। गांव गैबी नगर व नाडा में जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया, नियाना में नरेश नैन तथा धिंगताना में संजय सूरा ने यात्रा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान गांवों में जन संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में विभिन्न उल्लेखनीय योगदान वाले लोगों, प्रगतिशील किसानों, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों व महिलाओं को भी सम्मानित किया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, एसडीएम जयवीर यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्कूल नैशनल व सी. बी. एस. ई. नैशनल के लिए हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप नर्सरी, विद्युत नगर के 9 खिलाड़ी चयनित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**उकलाना, 10 दिसम्बर :** विद्युत नगर हिसार हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप नर्सरी की खिलाड़ी आराध्या, दित्या, जिया और कनक अंडर-17 आयु वर्ग में 10 से 13 दिसंबर को झुंझुनूं (राजस्थान) में आयोजित होने वाली सी. बी. एस. ई. नैशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2023-24 में भाग लेंगी। ये सभी खिलाड़ी स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल, हिसार के विद्यार्थी हैं। ये सभी खिलाड़ी आगामी 4 दिनों तक देश-विदेश से आई हुई अनेक स्कूल टीम के साथ टीम चैम्पियनशिप तथा एकल व युगल मुकाबलों में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त स्कूल नैशनल चैम्पियनशिप में 19 आयु वर्ग के लिए_ भक्ति, खुशी, नमन, प्रतीक और हर्षित का भी चयन हुआ है। ये सभी खिलाड़ी 12 से 16 दिसंबर 2023 को विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में आयोजित होने वाली स्कूल नैशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2023-24 में एकल, युगल व टीम प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता में सभी राज्यों की लड़कों व लड़कियों की टीम भाग लेंगी। इन खिलाड़ियों को विद्युत नगर में स्थापित हरियाणा पावर स्पोर्ट्स ग्रुप की बैडमिंटन नर्सरी में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व कोच सुरेंद्र और वीरेंद्र नर्सरी में निःशुल्क ट्रेनिंग देते हैं। विभाग द्वारा खिलाड़ियों को अच्छी क्वालिटी के बैडमिंटन रैकेट, जूते और किट भी प्रदान किए गए हैं। विद्युत विभाग द्वारा प्रदान की गई अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के कारण ही नर्सरी के अनेक खिलाड़ियों ने पिछले दिनों में आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया है तथा उनके खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया है।

## हिसार व हांसी में आयोजित लोक अदालत में 16 हजार 516 मामलों में से 11 हजार 874 का किया निपटारा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को हिसार एवं हांसी न्यायिक परिसर में आयोजित की गई। लोक अदालत में लंबित 16 हजार 516 मामलों में से 11 हजार 874 मामलों का निपटारा किया गया। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में लोक अदालत की बैंच लगाई गई। लोक अदालत में एमएसीटी के 38 केसों में से 29 में 1 करोड़ 56 लाख 20 हजार रुपए की राशि के क्लेम पास किए गए। बैंक रिकवरी के 644 केसों में से 513 में 1 करोड़ 62 लाख 49 हजार 455 रुपए की रिकवरी की गई। उन्होंने बताया कि पारिवारिक न्यायालय के 327 केसों में से 145 का निपटारा किया गया। इसी प्रकार समरी चालान के 2271 केसों में से 1775 में 3 करोड़ 81 लाख 46 हजार 672 रूपये का जुर्माना वसूला गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बैंच स्थापित की गई, जिनमें हिसार न्यायिक परिसर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशांत शर्मा, अतिरिक्त प्रधान जिला न्यायाधीश (पारिवारिक न्यायालय) मनीष कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिफा, सिविल जज सुनील कुमार, सिविल जज सोनिया तथा हांसी न्यायिक परिसर में जज राकेश की बैंच में लंबित मामलों का निपटारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोगों को सरल, सस्ता एवं समय पर न्याय प्रदान किया जाता है। लोक अदालत में लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने में अधिवक्ताओं का भी अहम योगदान रहा। इस अवसर पर अनेक न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## यादव सभा हिसार ने धूमधाम से मनाई गई राव तुलाराम की जयन्ती

### 1857 की क्रांति में राव तुलाराम का अहम योगदान : अजीत सिंह



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** यादव सभा हिसार ने गत दिवस बरवाला रोड़ स्थित यादव धर्मशाला में 1857 की क्रान्ति के जननायक राव तुलाराम जी की जयन्ती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। यादव धर्मशाला के प्रधान श्री अजीत सिंह यादव ने धर्मशाला में स्थित शहीद राव तुलाराम की प्रतिमा पर माला अर्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने 1857 की क्रान्ति में अंग्रेजों से लोहा लेते हुए देश की आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस अवसर पर यादव धर्मशाला के प्रधान अजीत सिंह, महासचिव राजेश, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, सह सचिव धर्मपाल बुआन, पूर्व प्रधान सीताराम, पूर्व प्रधान सहदेव यादव, पूर्व महासचिव गुलाब सिंह यादव, रामेश्वर फौजी, कृष्ण मैनेजर, सुनील व ताराचन्द सहित यादव समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## ऑल इंडिया दलित महिला अधिकार मंच ने किया राउंड टेबल कांफ्रैंस का आयोजन

### दलित पीड़ित महिलाओं/ बालिकाओं और उनके परिवार के सदस्यों ने अपने केस और उन केस में आने वाली चुनौतियों को सांझा किया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** ऑल इंडिया दलित महिला अधिकार मंच ने गत दिवस गोविंद प्लेस होटल, हिसार में एक राउन्ड टेबल कांफ्रैंस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दलित महिलाओं व बालिकाओं के साथ होने वाले शोषण के मामलों में प्रशासनिक स्तर पर आने वाली परेशानियों व चुनौतियों पर अतिरिक्त डिप्यूटी कमिशनर श्रीमान नीरज कुमार, बालन सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव और जिला कल्याण विभाग के स्टटिस्टिकल असिस्टन्ट श्रीमान बलराज वर्मा से बने हुए पैनल के मार्गदर्शन में विचार-विमर्श किया गया। इस राउन्ड टेबल कांफ्रैंस में सरकारी अधिकारीगण और विभिन्न हरियाणा जनपदों से आए हुए दह्लित महिलाएं/बालिकाएं, उनके परिवारजनक एवं ऑल इंडिया दलित महिला अधिकार मंच की हरियाणा टीम से मंजु, पिंकी, स्वाती, ममता, पायल, मोनिका, सपना और नैशनल टीम ऑल इंडिया दलित महिला अधिकार मंच की जनरल सेक्रेटरी, श्रीमती अबीरमी, हरियाणा स्टेट इन-चार्ज सीमा, लीगल ऐड्वाइज़र विदिशा, पूनम, सीनियर प्रोग्राम एसोसिएट और प्रोग्राम एसोसिएट अनीता भी शामिल हुए। ऑल इंडिया दलित महिला अधिकार मंच एक सशक्त और सामाजिक संगठन है जो दलित महिलाओं और बालिकाओं के




अधिकारों की सुरक्षा और उनके खिलाफ हो रहे अत्याचारों की कानूनी प्रक्रिया में मदद करता है। यह संगठन राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर इन अपराधों के खिलाफ आवाज उठाता है और दलित महिलाओं और बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के लिए भारत के छह राज्यों में काम कर रहा है। इस राउन्ड टेबल कांफ्रैंस के माध्यम से हमने दलित महिलाओं और बालिकाओं को प्रशासनिक स्तर पर होने वाली समस्याओं और उनके बेहतर समाधान पर जोर डालने का एक प्रयास किया है। इस राउन्ड टेबल कांफ्रैंस में शामिल होने वाली दलित पीड़ित महिलाओं/ बालिकाओं और उनके परिवार के सदस्यों ने अपने केस और उन केस में आने वाली चुनौतियों को सांझा किया। इस कांफ्रैंस के पैनल ने इन सभी केस को गौर से सुनने, समझने, और पीड़ितों की मांगे सुनने के बाद अपने सुझाव दिए और इन केस में आगे मदद करने का आश्वासन दिया और पीड़ितों को उनसे मिलने के लिए अपने ऑफिस भी बुलाया। इस अवसर पर अनिल बागड़ी सामाजिक कार्यकर्ता व एनपी सिंन्हा प्रोफेसर दिल्ली यूनिवर्सिटी भी मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालय नलवा में एड्स जागरूकता अभियान




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 10 दिसम्बर :** राजकीय महाविद्यालय नलवा में एचआईवी एड्स के बारे में विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्राचार्या कमलेश दूहन के दिशा निर्देशन में एक लघु फिल्म और अवेयरनेस लेक्चर दिया गया। इन गतिविधियों में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अवेयरनेस लेक्चर में छात्रों को एचआईवी एड्स के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर रेड रिबन और रेडक्रॉस की कन्वीनर श्रीमती मीना पानू ने छात्रों को अनुशासित और संयमित जीवन की महता के बारे में बताया। नशा करना एक बुरी लत है और नशे की लत में काफी युवा सीरिंज को सांझा करते है जिसके कारण यह महामारी फैलती है। छात्रों को हेल्पलाइन नंबर 1097 पर कॉल करने एवं जानकारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया। अशोक ने बताया कि एचआईवी पीड़ित गर्भवती माता अगर डॉक्टर्स के दिशा निर्देश अनुसार सावधानी बरते और दवाएं समय पर ले तो पैदा होने वाले शिशु को इस बीमारी से बचाया जा सकता है। इस दौरान एचआईवी एड्स की हेल्पलाइन नंबर 1097 को छात्रों के मध्य साझा किया गया। इस अवसर पर रेड रिबन/ रेडक्रॉस कनवीनर मीना पानू अन्य स्टाफ सदस्यों में शैलेंद्र, अनिल गौतम, डॉ. अशोक, सरोज, अनिल कुमार, डॉ. विनोद गिल, डॉ रविंद्र, प्रदीप कुमार, डॉ सीमा आदि मौजूद थे।

## आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड्स की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा, प्रतिवर्ष 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न पेश किया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**करनाल, 10 दिसम्बर :** भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग माईक्रोफाईनेंस कंपनियों (एनबीएफसी-एमएफआई) में से एक, आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस सिक्योर्ड बॉन्ड्स के अपने पहले पब्लिक इश्यू की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा, जिसका उद्देश्य व्यावसायिक वृद्धि और पूंजी निर्माण के लिए किया जाएगा। ये बॉन्ड अत्यधिक सुरक्षा के साथ 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न प्रदान करेंगे। ये इश्यू सोमवार, 4 दिसंबर, 2023 से मिलना शुरू होंगे, और शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023 तक मिलेंगे। आईआईएफएल समस्ता आईआईएफएल फाईनेंस का अंग है, जो भारत के सबसे बड़े रिटेल केंद्रित एनबीएफसी समूहों में से एक है, जिसके पास 73,066 करोड़ रु. के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट हैं। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस 200 करोड़ रु. के बॉन्ड्स जारी करेगा, और उसके पास 800 करोड़ रु. तक के ओवर-सब्सक्रिप्शन (कुल मिलाकर 1,000 करोड़ रु.) बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू का विकल्प भी होगा। आईआईएफएल समस्ता बॉन्ड 60 महीने की अवधि के लिए 10.50 प्रतिशत प्रतिवर्ष की सर्वाधिक कूपन दर प्रदान करते हैं। ये एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि के लिए उपलब्ध हैं। ब्याज के भुगतान की फ्रीक्वेंसी हर सीरीज़ के लिए मासिक और वार्षिक आधार पर उपलब्ध होगी। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के एमडी एवं सीईओ, श्री वेंकटेश एन ने कहा,



''आईआईएफएल समस्ता अपनी 1,500 शाखाओं के द्वारा पूरे भारत में मजबूत स्थिति में मौजूद है। यह सेवाओं की कमी वाले और उनसे वंचित लोगों की क्रेडिट की जरूरतों को पूरा करता है, जो मुख्यतः अपने विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ वंचित पृष्ठभूमि की महिला उद्यमियों पर केंद्रित है। इन बॉन्ड्स की मदद से एकत्रित किए गए फंड का उपयोग इन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने और व्यावसायिक वृद्धि लाने के लिए किया जाएगा।'' आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस उन महिलाओं को किफायती और अभिनव वित्तीय उत्पाद प्रदान करता है, जो सदस्यों के रूप में पंजीकृत होती हैं, और समाज के वंचित वर्गों से संयुक्त दायित्व समूह में नियोजित होती हैं। इनमें भारत के ग्रामीण, अर्द्धशहरी और शहरी इलाकों से किसान, कृषि मजदूर, सब्जी और फल विक्रेता, कपड़ा व्यापारी, दर्जी, शिल्पकार, और गृहणियाँ एवं औद्योगिक मजदूर आते हैं। इस इश्यू के लीड मैनेजर जेएम फाईनेंशल लिमिटेड, आईआईएफएल सिक्योरिटीज़ लिमिटेड, नुवामा वैल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और ट्रस्ट इन्वेस्टमेंट एडवाईज़र्स प्राईवेट लिमिटेड हैं। यह एनसीडी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध होगा, ताकि निवेशकों को लिक्विडिटी मिलती रहे। आईआईएफएल बॉन्ड 1,000 रु. की फेस वैल्यू पर जारी किए जाएंगे, और सभी श्रेणियों में आवेदन का न्यूनतम आकार 10,000 रु. होगा। इसका पब्लिक इश्यू सोमवार, 04 दिसंबर, 2023 को जारी होगा और अरली क्लोज़र के विकल्प के साथ यह शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023 को मिलना बंद होगा। बॉन्ड्स का आवंटन फर्स्ट कम, फर्स्ट सर्व (पहले आएं, पहले पाएं) के आधार पर किया जाएगा।

# फिट इंडिया अभियान के तहत विज्डम स्कूल द्वारा मैराथन 2023 आयोजित किया गया



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 10 दिसम्बर :** फिट इंडिया अभियान के तहत विज्डम स्कूल द्वारा दूसरी मैराथन का 10 दिसम्बर को प्रक्षेपन किया गया। यह मैराथन तीन वर्गों में आयोजित की गई। तीनों वर्गों में विद्यार्थियों, अभिभावकों व कई शहर वासियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री मान् बी. आर. कम्बोज द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। किसना डायमंड व गोल्ड ज्वैलरी ग्रुप का हिसार में नेतृत्व कर रहे श्रीमान् अंशुमन सचदेवा की उपस्थिति ने सबका हौसला बढ़ाया। विद्यालय संस्थापक श्री मान हरिपाल पिलानिया ने प्रतिभागियों का आभार जताया तुथा अपने हौंसले व आत्मविश्वास को सदैव अपनी ताकत बनाने के लिए प्रेरित किया। मैराथन में जूनियर वर्ग में लड़े कियों में अंतर, ज्ञानवी, रीतु तथा लड़कों के ग्रुप में योगेश्वर, हेमंत व नवीन ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय इसी प्रकार सीनियर वर्ग में मीनाक्षी दलाल ज्योति, सुलझन, मन्नत, मनीष, श्रीकांत स्थान प्राप्त किया। मास्टर वर्ग में प्रतिभागियों में विजेता रहे जय कुमार शर्मा, उदय सिंह दलाल, सतबीर पान्नू व पूनम ओमपती, रीना त्यागी को मैडल वे ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमान कम्बोज ने शारीरिक विकास को बौद्धिक विकास की सीढ़ी बताया जो आज के मशीनीकरण, युग में इसी प्रकार के मैराथन आयोजित करके समाज को जागरूक करने में सहायक सिद्ध होगी।

# द ई 5 महिला महाविद्यालय गढ़ी हांसी, ट्विनिंग ऑफ स्कूल प्रोग्राम का आयोजन



पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 10 दिसम्बर :** ट्विनिंग ऑफ स्कूल प्रोग्राम के तहत गांव धनाना के राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की लगभग 80 वगांव सोरखी के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूलकी 40 छात्राओं ने द ई 5 महिला महाविद्यालय गढ़ी हांसी का भ्रमण किया। कार्यक्रम कॉलेज कीअसिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. भावना की देखरेख मे संपन हुआ। उन्होंने अतिथि अध्यापको व छात्राओ को कॉलेज से रूबरू करवाया। धनाना के राजकीय गलर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूलकी प्रिंसिपल सुदेश चौहान व सोरखी के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल सतपाल सिंहमार ने छात्राओं को दी जाने वाली कॉलेज की सभी सुविधाएं जैसे कि भवन, क्लास रूम, प्रयोगशालाएं हॉस्टल सुविधा, बस सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था बहुत ही पसंद आई। कॉलेज द्वारा दी गई सभी सुविधाओं को देखा और उनकी सरहना की। इस दौरान छात्राओं ने पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, मनोविज्ञान प्रयोगशाला, स्पोर्ट्स ग्राउंड को देखा और उनके बारे में जानकारी ली। छात्रों को इंटरएक्टिव पैनल द्वारा दी जाने वाली शिक्षा की जानकारी दी, कि किस प्रकार आधुनिक तकनीक से विद्यार्थियों के दैनिक विकास में मदद मिलती है। कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं व कॉलेज द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति से भी अवगत करवाया और भविष्य में उससे लाभ उठाने को कहा। इस तरह के प्रोग्राम से 12वीं के बाद छात्र अपने रुझान के अनुरूप भविष्य तय कर पाएंगे। छात्र अलग-अलग संस्थानों में भ्रमण करके वहां तकनीक को जानेंगे व छात्राओं को भविष्य मे करियर की राह चुनने में भी आसानी होगी।कॉलेज में भ्रमण करने आई छात्रों का उत्साह और उत्सुकता देखने को मिली।

# आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस सिक्योर्ड बॉन्ड्स के अपने पहले पब्लिक इश्यू की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा

पाठकपक्ष न्यूज

**अम्बाला, 10 दिसम्बर :** भारत की सबसे बड़ी नॉन-बैंकिंग माईक्रोफाईनेंस कंपनियों (एनबीएफसी-एमएफआई) में से एक, आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस सिक्योर्ड बॉन्ड्स के अपने पहले पब्लिक इश्यू की मदद से 1,000 करोड़ रु. तक की पूंजी जुटाएगा, जिसका उद्देश्य व्यावसायिक वृद्धि और पूंजी निर्माण के लिए किया जाएगा। ये बॉन्ड अत्यधिक सुरक्षा के साथ 10.50 प्रतिशत तक का रिटर्न प्रदान करेंगे। ये इश्यू सोमवार, 4 दिसंबर, 2023 से मिलना शुरू होंगे, और शुक्रवार, 15 दिसंबर, 2023 तक मिलेंगे। आईआईएफएल समस्ता आईआईएफएल फाईनेंस का अंग है, जो भारत के सबसे बड़े रिटेल केंद्रित एनबीएफसी समूहों में से एक है, जिसके पास 73,066 करोड़ रु. के लोन एस्सेट अंडर मैनेजमेंट हैं। आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस के एमडी एवं सीईओ, श्री वेंकटेश एन ने कहा, ''आईआईएफएल समस्ता अपनी 1,500 शाखाओं के द्वारा पूरे भारत में मजबूत स्थिति में मौजूद है। यह सेवाओं की कमी वाले और उनसे वंचित लोगों की क्रेडिट की जरूरतों को पूरा करता है, जो मुख्यतः अपने विस्तृत पोर्टफोलियो के साथ वंचित पृष्ठभूमि की महिला उद्यमियों पर केंद्रित है। इन बॉन्ड्स की मदद से एकत्रित किए गए फंड का उपयोग इन ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने और व्यावसायिक वृद्धि लाने के लिए किया जाएगा।'' आईआईएफएल समस्ता फाईनेंस उन महिलाओं को किफायती और अभिनव वित्तीय उत्पाद प्रदान करता है, जो सदस्यों के रूप में पंजीकृत होती हैं, और समाज के वंचित वर्गों से संयुक्त दायित्व समूह में नियोजित होती हैं।






# आगामी बार एसोसिएशन चुनावों में नोटा (NOTA) का विकल्प लागू करने की उठी मांग

## सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2013 निर्णय का हवाला देकर हाईकोर्ट एडवोकेट ने उठाया मुद्दा

पाठकपक्ष न्यूज

**चंडीगढ़, 10 दिसम्बर :** आगामी शुक्रवार 15 दिसम्बर को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, यूटी चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों की सभी जिला बार एसोसिएशनों और उपमंडल (सब डिवीजन) बार एसोसिएशनों में सम्बंधित जिला / उपमंडल बार एसोसिएशन के प्रधान, उप-प्रधान, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों आदि पदों के निर्वाचन हेतु मतदान करवाया जाएगा।

इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में एडवोकेट हेमंत कुमार ने हाई कोर्ट बार एसोसिएशन चुनावों के लिए विशेष तौर पर गठित चुनाव समिति के चेयरमैन और साथ साथ पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चेयरमैन एवं काउंसिल के सभी सदस्यों से सार्वजनिक अपील की है कि उपरोक्त बार एसोसिएशन चुनावों के मतदान के लिए वकीलों को मिलने वाले बैलट पेपर में नोटा (नॉन ऑफ़ द अबाव) अर्थात उपरोक्त में से कोई भी नहीं (NOTA) का भी विकल्प शामिल किया जाना चाहिए।

उन्होंने देश के संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) का हवाला देते हुए, जो हर नागरिक को वाक्-स्वातंर्त्य और अभिव्यक्ति स्वातंर्त्य का मौलिक अधिकार देता है एवं साथ सितम्बर, 2013 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पी.यू.सी.एल. बनाम भारत सरकार में दिए गए ऐतिहासिक निर्णय का सन्दर्भ देकर इस आशय में दलील दी है जिसके आधार पर सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्णय के बाद एमपी/एमएलए (सांसद/विधायक) और शहरी स्थानीय निकाय (म्युनिसिपल संस्थाओं) और पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न प्रतिनिधियों के चुनावों हेतु मतदान में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के नामों के साथ साथ नोटा का विकल्प का बटन भी हर ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) या बैलट पेपर पर दिया जाता है एवं अगर किसी मतदाता को चुनाव लड़ रहा कोई भी उम्मीदवार पसंद न आये, तो वह नोटा का बटन दबाकर सम्बंधित चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों के विरूद्ध अपना विरोध जता सकता है।

हेमंत का कानूनी मत है कि इसी प्रकार बार एसोसिएशन चुनावों में भी हर बैलट पेपर पर नोटा का विकल्प दिया जाना चाहिए। हालांकि अगर किसी वकील मतदाता को बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों हेतु चुनाव लड़ रहे कोई या सभी उम्मीदवार पसंद नहीं है, तो या तो वह वकील मतदान करने ही न जाए या फिर वोट डालने जाए परन्तु सम्बंधित बैलट पेपर को खाली छोड़ सकता है या उस पर गलत ढ़ंग से मार्क लगाकर उसे अवैध/कैंसिल करवा सकता है हालांकि इसके बावजूद बढ़िया यह होगा अगर बैलट पेपर पर नोटा का विकल्प दिया जाए ताकि वह सीधे स्पष्ट रूप से चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों की उम्मीदवारी के विरूद्ध नोटा के पक्ष में अपना मतदान कर अपना विरोध जता सके।

# विधायकों में एक ही परिवार के अंदर जब कईयों को पेंशन मिलती है तो पत्रकारों के एक ही परिवार में अलग-अलग सदस्यों को क्यों नहीं : एमडब्ल्यूबी

पाठकपक्ष न्यूज

**चंडीगढ़, 10 दिसम्बर :** मीडिया वेल बींग एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्र शेखर धरणी व महासचिव सुरेन्द्र मेहता ने कहा है कि -पत्रकारों को पैंशन के मामले में सरकार की अधिसूचना-14 नवम्बर 2023 में एक ही परिवार में दो या अधिक पत्रकारों को पैंशन न देने का जिक्र है। एक परिवार में केवल एक ही पत्रकार को सेवानिवृत्त के बाद पेंशन का प्रावधान है। अनुरोध है कि यह अधिसूचना शीघ्र वापिस ले।

धरणी व मेहता ने कहा कि,जब सरकार के अंदर एक ही परिवार के अलग-अलग परिवारजनों को सेवानिवार्त्ति के बाद पेंशन की व्यवस्था है।विधायकों में एक ही परिवार के अंदर पति-पत्नी, पिता-पुत्र, भाई-भाई जो विधायक हैं या रहें है। जब उन्हें पेंशन मिल सकती है तो पत्रकारों के एक ही परिवार में अलग अलग सदस्यों को क्यों नही?

धरणी व मेहता ने कहा कि अधिसूचना में किसी भी पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर पैंशन या सरकार से मिलने वाली सुविधाओं को बंद करने का उल्लेख है। सरकार इसे भी शीघ्र वापिस ले। विधायकों या जन प्रतिनिधियों के लिए जिस प्रकार 2 साल या उससे अधिक सजा होने की व्यवस्था है। उसी प्रकार की व्यवस्था पत्रकारों के लिए भी होनी चाहिए। एफआईआर तो फर्स्ट इन्फॉर्मेशन रिपोर्ट है, इसको आधार न बना 2 साल या उससे अधिक सजा होने पर ही पत्रकारों के लिए इस अधिसूचना के नियम में संशोधन होना चाहिए।

धरणी व मेहता ने कहा कि मीडिया व उनके परिवारों के लिए कैशलेस हैल्थ सुविधा शीघ्र लागू की जाए।-मीडिया वेल्बीनग एसोसिएशन(रजिस्टर्ड) को पंचकूला में मुख्यालय बनाने व प्रेस क्लब चंडीगढ़ की तर्ज पर भवन बनाने के लिए सस्ते दाम पर 500 गज(एक कैनाल) जगह उपलब्ध करवाई जाए।

5-पत्रकारों के लिए सस्ते दामों पर आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। प्रजतन्त्र के तीन स्तंभ को टोल फ्री है। चौथे स्तंभ मीडिया को भी टोल फ्री सुविधा उपलब्ध कराई जाए। मीडिया के लिए मुफ्त मेडिकल सुविधा पूरे हरियाणा में की जाए। हरियाणा सरकार के द्वारा डिजिटल मीडिया के लिए बनाए गए नियमों में मान्यता प्रदान करने की व्यवस्था को सरल किया जाए। तथा पड़ोसी राज्य पंजाब व अन्य राज्यों की तर्ज पर संशोधन किया जाए। किसी भी वेब मीडिया का मुख्यालय चाहे हरियाणा से बाहर हो, उन्हें भी मान्यता प्रदान की जाए।हरियाणा प्रेस मान्यता कमेटी तथा प्रेस रिलेशन कमेटी का पुर्न गठन किया जाए तथा मीडिया वेलबिंग एसोसिएशन के दो दो सदस्यों को उसमें शामिल किया जाए।

# हिसार मंडी बोर्ड के सेवानिवृत कर्मचारियों की बैठक सम्पन्न

## मंडी बोर्ड जिला हिसार के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्नेह मिलन



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 10 दिसम्बर :** हिसार किसान विश्रामगृह में मंडी बोर्ड के वरिष्ठजनों की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें सबसे पहले गत बैठक के बाद दिंवगत हुए साथियों की आत्मा की शांति के लिए मौन रख कर श्रद्धांजली अर्पित की। इनमें सरजीत काकड़ एमएस की माता जी एवं छोटे भाई, भूपसिहं बेनीवाल, प्रमोद शर्मा, एक्शन सुभाष सहारण के बड़े भ्राता, मार्किट कमेटी हिसार मे कार्यरत अंकुर शर्मा के परिवार मे जन हानि, अभी एक दुर्दांत दुर्घटना हांसी के लेखाकार कुलदीप सिहं, राजकुमार सोलंकी के जो हिसार से थे का देहांत, हमारे आदरणीय एसएस भारती के हंसते खेलते परिवार पर पुत्रवधु के असामयिक निधन पर सभी ने दुख प्रकट किया। बैठक में पहला उद्देश्य सबका मिलना जुलना, किसी समस्या का सामना हो तो समाधान, सेवानिवृति जीवन को सहज सरल तरिके से जीने के टिप्स बैठक की अध्यक्षता कर रहे कृष्णलाल काकड़ द्वारा दिये गए। उम्र का तकाजा, किसी भी तरह सहनशील रह कर बजाओ बाजा, एक दुसरे के सम्पर्क मे रहे। जो सक्षम है वो समाज सेवा मे योगदान देकर जीवन सफल बनाएं। हिसार के प्रधान नरेंद्रसिहं जांगड़ा, एवं युद्धवीर सिहं आर्य के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। समेराम हुड्डा के बारे भी जाना, कि अब ठीक है। बैठक में कर्ण सिंह दलाल, सत्यनारायण सिंगला, रामूरती सहारण, श्रीकृष्ण जैन, पृथ्वीसिहं खीचड़, रामनिवास सैनी, दिलबाग यादव, प्रवीण शर्मा, अमरीक सिहं, ऐसे कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तत्पर पृथ्वी सिंह गिला, प्रताप सिहं डीएमईओ दफ्तर, रणधीर सिंह, कश्मीरी लाल, लेखराज लेखाकार के अलावा भी कई वरिष्ठ कर्मी उपस्थित रहे।






WORK FROM PHONE

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :

7027924000






# भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में न बच्चियां सुरक्षित है और न ही महिलाएं : कुमारी सैलजा

## चीख-चीख कर बोल रहे हैं आंकड़े, क्राइम आऊट ऑफ कंट्रोल इन हरियाणा

**पाठकपक्ष न्यूज**
**चंडीगढ़, 10 दिसम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में न बच्चियां सुरक्षित है और न ही महिलाएं। बच्चों विरूद्ध अपराध में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तो प्रदेश में हर रोज 05 बलात्कार के मामले सामने आ रहे है। हालात तो ये है कि शिक्षा के मंदिर में छात्राएं सुरक्षित नहीं है, जींद और कैथल की घटनाएं शर्मसार करने वाली है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों ने हरियाणा के सुशासन की पोल खोलकर रख दी है। रंगदारी, हत्याएं और अपहरण की वारदातें तेजी से बढ़ रही है। प्रदेश ने अपराध में दूसरे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है यानि क्राइम आऊट ऑफ कंट्रोल इन हरियाणा।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि जब भी देखों भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और प्रशासन की बात करती है जबकि धरातल पर तस्वीर कुछ और ही कहती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2022 के आंकड़े बताते है कि महिलाओं से अपराध में दिल्ली के बाद हरियाणा देश में दूसरे स्थान पर है, इतना ही नहीं प्रदेश में डकैती, अपहरण और रंगदारी के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रति लाख आबादी पर 118.7 प्रतिशत अपराध की दर रही यानि 17.6 प्रतिशत अपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। इतना ही नहीं बच्चों से अपराध के मामले 7.7 प्रतिशत बढ़े है जबकि सरकार बेटी बचाओ और बेटी पढाओं की बात करती है। आंकड़े बताते है कि 2022 में 234 महिलाओं कह दहेज के लिए हत्या की गई, छह महिलाओं पर तेजाब से हमले किए गए और 1272 बच्चियों से यौन शोषण के केस दर्ज किए गए।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में बुजुर्ग तक सुरक्षित नहीं है, बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। इतना ही नहीं रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब से कहीं ज्यादा डकैती के मामले दर्ज हुए। इस प्रकार अपहरण के मामले भी बढ़े है। हरियाणा में भ्रष्टाचार के तीन गुना मामले बढ़े हैं। महिलाओं खासकर दुष्कर्म पीड़ित को जल्द से जल्द न्याय दिखाने की बात करने वाली यह गठबंधन सरकार के कार्यकाल में पुलिस कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल करने में काफी सुस्त रही, पुलिस केवल 57.2 प्रतिशत मामलों में ही आरोप पत्र दाखिल कर पाई। बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में आरोप पत्र दाखिल करने की दर महज 41.6 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के खुद के नारे जुमले ही साबित हो रही है और ये आंकड़े सरकार के सुशासन की पोल खोल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आंकड़े चीख-चीखकर कह रहे है कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा करने में नाकाम रही है। आंकड़ों को अगर देखा जाए तो साफ है कि हरियाणा में संगठित अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। नशा तेजी से बढ़ रहा है। केवल पुलिस छोटी मछलियां को ही पकड़ रही है जबकि मगरमच्छों पर हाथ डालने से गुरेज की जा रहा है। प्रदेश में हर पांचवें दिन कही न कही नशे की ओवरडोज से एक युवक की मौत हो रही है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री की आपसी खींचतान का खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्रदेश के हालात ऐसे है जहां क्राइम आउट आफ कंट्रोल हैं। अगर सरकार ने अभी भी आंकड़ों को गंभीरता से नहीं लिया तो आने वाले दिनों में हरियाणा में अपराधियों का राज होगा।

# पुलिस ने नशा तस्करों पर कसा शिकंजा : डॉ. ढींडसा

**पाठकपक्ष न्यूज**
**सिरसा, 10 दिसम्बर :** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक एवं जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ सिरसा के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने पुलिस सूत्रों को उद्धत करते हुए कहा कि हिसार रेंज पुलिस ने पांच पुलिस जिलों, जिनमें हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, जींद और हांसी शामिल हैं, के 219 गांवों में 3,695 नशेड़ियों की पहचान की है।

प्रत्येक जिले में दो महिला पुलिसकर्मियों सहित पांच पुलिसकर्मियों की एक टीम बनाई गई है। ये टीमें नशीली दवाओं से प्रभावित गांवों का दौरा कर रही हैं और घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रही हैं।

पुलिस के सूत्रों के अनुसार अब तक 218 गांवों में 3,695 नशेड़ियों की पहचान की गई है। नशे के आदी लोगों और उनके परिवार के सदस्यों की काउंसलिंग की गई और पुलिस ने 3,423 नशे के आदी लोगों का एक डोजियर तैयार किया। जिनमें से 1,861 नशा पीड़ितों को इलाज मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने कहा



कि सिरसा में टीमों ने 54 गांवों में 1,081 नशा करने वालों की पहचान की। पुलिस ने अपना डोजियर तैयार कर लिया है और 865 नशेड़ियों का इलाज चल रहा है. पुलिस प्रवक्ता ने दावा किया कि सिरसा जिले के 71 नशेड़ियों को नशे से छुटकारा दिलाया गया है।

डा. ढींडसा ने कहा कि पुलिस सूत्रों के अनुसार हिसार जिले की नशा मुक्ति टीम ने 56 गांवों में 915 नशेड़ियों की पहचान की है। पहचाने गए नशे के आदी लोगों में से 475 को दवाएँ उपलब्ध करा दी गई हैं और अस्पतालों में उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। टीम के प्रयासों से हिसार जिले के 120 नशा पीड़ित ठीक हो चुके हैं। हांसी में पुलिस ने 36 गांवों में 447 नशेड़ियों की पहचान की. जबकि 256 पीड़ितों का इलाज चल रहा था, 47 नशीली दवाओं के पीड़ितों का इलाज किया गया था।

इसी प्रकार फतेहबाद जिले में 33 गांवों में 745 नशेड़ियों की पहचान की गई है। जिनमें से 470 नशा पीड़ितों एवं उनके परिवारों को पुलिस टीम द्वारा परामर्श दिया गया तथा 334 नशेड़ियों को उपचार दिया जा रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि टीम के प्रयासों के कारण, 133 नशेड़ी नशे की लत से बाहर आ गए हैं और अपने जीवन का पुनर्निर्माण करने की कोशिश कर रहे हैं। जींद जिले में 39 गांवों में 507 नशेड़ियों की पहचान की गई और 70 लोगों को नशे से मुक्ति दिलाइ गई। डा. ढींडसा ने कहा कि पुलिस के इन प्रयासों की सर्वत्र सराहना हो रही है। विशेषकर गृहणियां पुलिस के प्रति आभार प्रकट कर रही है, जिनके घरों में फिर से खुशियां लौट आई हैं। लोगों का कहना हैं कि अतिरिक्त महानिशेदक पुलिस श्रीकान्त जाधव के अथक प्रयासों से ही नशा तस्कर अब हरियाणा से दूसरे प्रदेशों की ओर पलायन कर रहे है।

# हिसार के उमंग भींचर बने सेना में लेफ्टिनेंट



पासिंग आउट परेड के बाद लेफ्टिनेंट उमंग भींचर को स्टार लगाते उनके माता-पिता।

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 10 दिसम्बर :** हिसार के सेक्टर 33 निवासी उमंग भींचर सेना में लेफ्टिनेंट बन गए है। गत दिवस देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री अकादमी (आईएमए) में पासिंग आऊट परेड संपन्न हुई। लेफ्टिनेंट उमंग भींचर के पिता मेनपाल सेना से सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं और अब लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा विश्वविद्यालय लुवास में कार्यरत हैं और उनकी माता गृहिणी हैं। उमंग भींचर का छोटा भाई कैप्टन नीलेश कुमार भी इसी अकादमी में जून 2021 से पास आउट हुआ था जो अब भारतीय सेना में कैप्टन के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। उनका परिवार मूलरूप से फतेहाबाद जिला के गांव बनवाली का रहने वाला है। उनके पिता मेनपाल ने बताया कि उमंग भींचर ने पहली से पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई आर्मी स्कूल अमृतसर से की। छठी से 12 वीं तक की पढ़ाई सैनिक स्कूल कुंजपुरा से की तथा ग्रेजुएशन की पढ़ाई डीएन कॉलेज, हिसार से की है। 2019 में उसका चयन इंडियन मिलिट्री अकादमी देहरादून में हो गया। वहीं उमंग भींचर ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने अभिभावको को दिया है।

# पीएम मोदी की तरफ से राजस्थान सीएम के लिए सुनील बंसल हो सकता है चौंकाने वाला नाम

**पाठकपक्ष न्यूज**
**जयपुर, 10 दिसम्बर :** राजस्थान में अगला सीएम कौन होगा इस पर सस्पेंस गहराता ही जा रहा है। मुख्यमंत्री पद की रेस में वैसे तो कई दिग्गजों के नाम सामने आ रहे। हालांकि, केंद्रीय नेतृत्व किस पर भरोसा जताएगा ये देखना दिलचस्प होगा। खास तौर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीएम पद को लेकर अकसर किसी नए चौंकाने वाले नाम पर मुहर लगाते रहे हैं। ऐसा ही कुछ राजस्थान में भी देखने को मिल सकता है। कहा जा रहा कि पीएम मोदी की तरफ से राजस्थान सीएम के लिए सुनील बंसल वो सियासी दिग्गज हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि वो राजस्थान के रहने वाले हैं। उन्हें कुशल संगठनकर्ता भी माना जाता है और सबसे खास बात ये कि उनकी पृष्ठभूमि संघ (आरएसएस) की है। आखिर कौन हैं सुनील बंसल, जिनका नाम सीएम रेस में अचानक आया सामने बताते हैं आगे।

**सीएम रेस में सुनील बंसल का नाम!**

कभी यूपी बीजेपी के 'चाणक्य' कहे जाने वाले सुनील बंसल को लेकर राजस्थान के सियासी गलियारे में चर्चा का बाजार गर्म है। कहा जा रहा कि वो सूबे की एक्टिव पॉलिटिक्स में एंट्री मार सकते हैं। वैसे भी राजस्थान की सियासत में सुनील बंसल की चर्चा




करीब 6 महीने से लगातार हो रही है। उनके विधानसभा चुनाव लड़ने की भी सुगबुगाहट थी। हालांकि, अब उन्हें सीएम पद का दावेदार माना जा रहा है। ऐसा होने की एक खास वजह है उनका राजस्थान कनेक्शन।

**राजस्थान के रहने वाले हैं**

सुनील बंसल, राजस्थान के ही रहने वाले हैं। उनका जन्म 20 सितंबर 1969 में हुआ। वो स्टूडेंट लाइफ से ही राजनीति में बेहद एक्टिव रहे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से उनका संबंध रहा। 1989 में वो राजस्थान यूनिवर्सिटी के महासचिव चुने गए थे। बाद में उनका झुकाव आरएसएस की ओर हो गया। 1990 में आरएसएस प्रचारक बने। इसके बाद उन्होंने बीजेपी में आने का फैसला लिया।

**यूपी में चुनावी जीत के रणनीतिकार**

सुनील बंसल, बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री हैं। साथ ही उन्हें पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तेलंगाना का प्रभारी भी बनाया गया है। सुनील बंसल को कुशल रणनीतिकार माना जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि 2014 लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें यूपी का को-इंचार्ज बनाया गया था। इस चुनाव में उन्होंने अमित शाह के साथ मिलकर ऐसी रणनीति तैयार की कि बीजेपी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश की 80 में से 73 सीटें अपने नाम कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। बस इसी के बाद से सुनील बंसल ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

**कुशल संगठनकर्ता**

बात साल 2014 की है जब यूपी में लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी पारा चढ़ने लगा था। ऐसे में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने बंसल को उत्तर प्रदेश भेजने का फैसला किया। बंसल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जयपुर इकाई के महासचिव थे। संघ ने बंसल को यहां शाह की मदद करने के लिए भेजा था। उस वक्त शाह यूपी इंचार्ज थे। यही वह समय था जब शाह और बंसल की पहली बार मुलाकात हुई। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2014 में शानदार जीत के बाद सुनील बंसल को यूपी का संगठन मंत्री बना दिया था। इसके बाद सुनील बंसल ने साल 2017-19 और 2022 के उत्तर प्रदेश के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी को शानदार जीत हासिल कराने में अहम भूमिका निभाई। फिर साल 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद उन्हें केंद्र की राजनीति में भी शामिल करने की चर्चा शुरू हुई। जिसके बाद सुनील बंसल को बीजेपी का राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया। बीजेपी में संगठन महामंत्री का पद अरसे से महत्वपूर्ण रहा है। इस पद पर नियुक्ति आरएसएस की राय से की जाती है। पूर्णकालिक प्रचारकों को संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी देने का प्रचलन है। बीजेपी के लोग यह भी मानते हैं कि संगठन महामंत्री ही केंद्रीय नेतृत्व की आंख-नाक-कान होता है। ऐसे में उनका हर जगह प्रभाव रहता है। सुनील बंसल को आखिरकार पार्टी ने इस पद के लिए चुना।

# मजदूरों ने भरी हुंकार, 18 को रहेगी हड़ताल

## मिस्त्री मजदूरों की डीसी कार्यालय पर लगने वाले पड़ाव की तैयारियां जोरों पर

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 10 दिसम्बर :** भवन निर्माण कामगार यूनियन आजाद नगर चौक के प्रधान अरविंद की अध्यक्षता में आजाद नगर चौक में बैठक हुई जिसमें 18 दिसम्बर को डीसी कार्यालय पर लगने वाले पड़ाव को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान मजदूरों को जागरूक करते हुए आगामी रूपरेखा तैयार की गई। यूनियन की हिसार तहसील के प्रधान राकेश गगंवा ने बैठक में कहा कि आजाद नगर में पिछले लंबे समय से मजदूर लेबर शैड की मांग कर रहे हैं लेकिन प्रशासन और सरकार सुध नहीं ले रही है। अत्यधिक गर्मी और सर्दी के मौसम में मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। फूलसिह चन्द्रलोक ने कहा कि काम



करने के बाद मजदूरी लेने के लिए कई बार मजदूरों को समस्या झेलनी पड़ती है और आंदोलन व धरने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सरकार द्वारा आए दिन मजदूरों के हो रहे शोषण पर कोई कार्रवाई नहीं करती। उन्होंने कहा कि पंजीकरण में देरी, वर्कस्लिप वेरीफाई ना होना सहित अनेक मुद्दों को लेकर आजाद नगर क्षेत्र में काम करने वाले तमाम कारीगर मजदूर मिस्त्री डीसी कार्यालय पर लगने वाले महापड़ाव में हिस्सा लेंगे और अपना विरोध जाहिर करेंगे। इस बैठक में हिसार तहसील के उप प्रधान फूल सिंह चंद्रलोक, सुभाष, धूप सिंह, विनोद व अन्य ने मजदूरों से काम बंद कर हड़ताल व प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।

# श्री राधेकृष्णा सेवा समिति ने भंडारा लगाकर किया सेवा कार्य

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 10 दिसम्बर :** सेवा कार्यों के प्रति समर्पित श्री राधेकृष्णा सेवा समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हिसार के टेलीफोन एक्सचेंज के सामने भंडारा लगाकर पुनीत कार्य किया। श्री राधेकृष्णा सेवा समिति ने चावल, छोले व जल की सेवा का प्रबंध बखूबी किया। इस अवसर पर समिति के प्रधान अनिल बंसल, शीतल, रमेश, आशु, अनिल अग्रवाल, संदीप मदान, संजीव, बलविंद्र, अनीश, यश व दिनेश सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान प्रधान अनिल बंसल ने बताया कि जनकल्याण व मानव एवं प्राणी सेवा के लिए श्री राधेकृष्णा सेवा समिति की स्थापना की गई है। इस समिति के तत्वावधान में समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में भंडारे लगाए जाते हैं। उन्होंने



बताया कि विशेष दिवसों व अवसरों पर कई सेवा प्रकल्प संचालित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा से बढ़कर कुछ नहीं है। इसलिए हर इंसान को किसी न किसी माध्यम से सेवा कार्य अवश्य करना चाहिए।


प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।









